तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 3 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 आत्मा और परमात्मा के बीच का सच्चा संबंध है राजयोग ...



11 भिलाई निगम पार्कों के रखरखाव में खर्च कर ...



## खबर संक्षेप

### धरसीवा के पास पकड़ी गई गौवंश से भरी गाड़ी

**बेमेतरा।** नांदघाट मारो क्षेत्र से लगातार गौवंश की तस्करी की खबरों की पुष्टि हुई है। गाड़ी क्र. सीजी 04 जेडी 9815 को क्षेत्रीय गौ सेवक खोज रहे थे उसे गाड़ी को धरसीवा के पास गौवंश सहित पकड़ लिया गया। गाड़ी कहां से भरी गई कहां कहां किस रास्ते से गुजरते हुए धरसीवा पहुंची अभी भी विवेचनाधीन है पर गौसेवकों के पास गाड़ी का फोटो नंबर सब कुछ पहले से था। गौसेवकों ने रास्तों पर कड़ी नजर रखी थी। मारो पुलिस चौकी में भी उक्ताशय की सूचना दी गई थी। लेकिन ट्रक रास्ता बदलकर धरसीवा में धरा गई। वाहन मे किस प्रकार क्रूरता पूर्वक गोवंश भरे हुए थे इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आठ गोवंश गाड़ी के अंदर ही कुचलकर गौ लोक चले गए थे। गाड़ी में 30 गौ वंश फिर भी भरे हुए थे गाड़ी कुख्यात गौ तस्कर विवेक तिवारी उरकुरा भनपुरी से संबंधित बताई जा रही है। बड़े तस्कर और गाड़ी क्षेत्र से निकलने से यह साफ हो गई है कि क्षेत्र में गोवंश पर तस्करों की नजर बहुत पहले से ही है और तस्करी अनवरत जारी है। गौ सेवा समिति बेमेतरा सदस्य विवेक शुक्ला, रोहित निषाद उप सरपंच ग्राम पंचायत अकोली, परसोत्तम मधुकर पंच अकोली, समाजसेवी मनीष शुक्ला, शुभम-शुक्ला उपसरपंच घुरसेना, रामखेलावन वर्मा पूर्व सरपंच, सोमनाथ विश्वकर्मा सहित गौ सेवकों ने इस प्रकार के घृणित दुष्कृत्य पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग प्रशासन से की है।

### म्यूल खाते से लेनदेन करने पर युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** म्यूल खाते में लेनदेन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने



बताया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र का खाताधारक आनंद विहार पोटिया चौक पदमनाभपुर निवासी आरोपी रोहित कुमार श्रीवास्तव द्वारा शाखा में खाता खुलवाकर ऑनलाइन ठगी की रकम 23310 रुपए बेईमानी व अवैध धन लाभ के लिए संपत्ति का संवर्धन कर खाते में लेनेदेन किया। जो साइबर ऑनलाइन ठगी की रकम है। आरोपी के बैंक डिटेल्स मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई किया है।

### फैक्ट्री से 90 हजार का सामान हुआ पार

**भिलाई।** फैक्ट्री का ताला तोड़कर पुराने रिपेयरिंग का सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि रोहणी पुरम डगनिया रायपुर निवास नवनीत अग्रवाल का एएनएम स्टील इंडस्ट्रीज प्रायवेट लिमिटेड के नाम से फैक्ट्री है। जहां जीआईतार का निर्माण होता है। विगत दो माह से प्लांट बंद है रिपेयरिंग का कार्य चल रहा है। जिसकी देखरेख के लिये गार्ड भी यहां रखा गया है। 31 अक्टूबर की सुबह कर्मी अश्वनी डडसेना ने पीड़ित को कॉल कर स्टोर्स रूम का ताला टूटने की जानकारी दी। फैक्ट्री के बोरियो में रखे पुराने कापर वायर मोटर पंप रिपेयरिंग से निकालकर रखा गया था। जो गायब मिला, फैक्ट्री पहुंचने पर स्टोर्स की कुंडी टूटा पड़ा मिला। बोरियों में रखे गए सारे सामान नहीं मिले। उक्त सामान 500 किलोग्राम था। जिसकी कीमत 90 हजार रुपए आंकी गई है।

### ट्रांसफार्मर से आयल चोरी की घटनाएं बढ़ी

**ननकट्टी।** ननकट्टी वितरण केन्द्र के अंतर्गत आने वाले पंप लाइन के ट्रांसफार्मर से आयल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। दीपावली के पहले दिन ही भटगांव खार में 100 केवीए और 25 केवीए के ट्रांसफार्मर से आयल चोरी हो गई। लगातार हो रही चोरी से किसान परेशान है। किसानों ने आयल चोरों पर कार्रवाई की मांग की है।

**कार्यक्रम :** दुर्ग सांसद विजय बघेल ने जिला मुख्यालय में किया राज्योत्सव का शुभारंभ

# छत्तीसगढ़ स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर बेमेतरा में धूमधाम से हुआ रजत राज्योत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला मुख्यालय के बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव सह रजत महोत्सव 2025 का शुभारंभ मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक संगठन, स्कूली बच्चे और आमजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू, अध्यक्ष छ.ग. तेलीघानी विकास बोर्ड जितेन्द्र कुमार साहू, अध्यक्ष छ.ग. रजककार विकास बोर्ड प्रहलाद रजक, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य प्रीतम चंदेल, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि अजय साहू, राजेन्द्र शर्मा, हर्षवर्धन तिवारी सहित अनेकनागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंज उठा मैदान

राज्योत्सव के शुभारंभ के पूर्व स्थानीय लोक कलाकारों एवं स्कूली विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढकसंस्कृति से ओतप्रोत आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। नाचा, करमा, सुवा, पंथी और अन्य लोक नृत्यों ने वातावरण को जीवंत बना दिया। दर्शकों ने उत्साहपूर्वक तालियाँ बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

**25 वर्ष छत्तीसगढ़ के आत्मगौरव की यात्राः सांसद :** अपने संबोधन में सांसद विजय बघेल ने कहा कि यह दिन हर छत्तीसगढ़वासी के लिए गौरव और आत्मसम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 1 नवम्बर 2000 को बने हमारे प्यारे छत्तीसगढ़ राज्य ने इन 25 वर्षों में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, ऊर्जा, सड़क, सिंचाई, संस्कृति और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने कहा यह प्रगति केवल सरकार की योजनाओं का परिणाम नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ के किसानों, श्रमिकों, युवाओं और महिलाओं की मेहनत का प्रतिफल है। सांसद बघेल ने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार मिलकर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। आज गांव से लेकर शहर तक विकास की गूंज सुनाई दे रही है। सड़क, पुल-पुलिया, सिंचाई परियोजनाओं और शिक्षा संस्थानों के माध्यम से जनसामान्य तक सुविधाएं पहुँचाई जा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लखपति दीदी योजना, महतारी वंदन योजना जैसी अभिनव योजनाएं चला रही है। किसान और युवा वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी अनेक रोजगारोन्मुखी योजनाएं शुरू की गई हैं।

**छत्तीसगढ़ को संवारने का काम सरकार बखूबी कर रही है : सांसद**





**विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन**

मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कार्यक्रम स्थल पर स्थापित विभिन्न विभागीय प्रदर्शनी स्टालों का अवलोकन किया। जहाँ केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, हितग्राही आधारित कार्यक्रमों और उपलब्धियों की आकर्षक छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई थी। स्टॉलों में शासन की योजनाओं की जानकारी, ब्रोशर और प्रचार सामग्री का निःशुल्क वितरण किया जा रहा था। इसके साथ ही कृषि, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, पशुधन, पंचायत, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य विभागों ने भी अपने-अपने स्टॉल लगाकर जिले की उपलब्धियाँ प्रदर्शित कीं।

### बेमेतरा जिले में विकास कार्यों को मिल रही नई गतिः विधायक दीपेश साहू

विधायक बेमेतरा दीपेश साहू ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास की नई ऊँचाइयाँ प्राप्त की हैं। बेमेतरा जिला भी इस प्रगति यात्रा का हिस्सा बनकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि अमोरा बैराज परियोजना के लिए करोड़ो रुपये की स्वीकृति एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे सिंचाई सुविधा में व्यापक सुधार होगा। इसके अलावा जिले में स्टेडियम, लाइब्रेरी और बेसिक स्कूल मैदान के सौंदर्यीकरण जैसे कार्य भी प्राथमिकता से किए जा रहे हैं, जिससे युवाओं को खेल और शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे।

### छत्तीसगढ़ की यह यात्रा संघर्ष और सफलता की गाथा हैः विधायक ईश्वर साहू

विधायक साजा ईश्वर साहू ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का गठन 1 नवम्बर 2000 को हुआ था, और इन 25 वर्षों में राज्य ने अपनी अलग पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि राज्य की यह यात्रा संघर्ष, समर्पण और सफलता की कहानी है किसानों, महिलाओं, युवाओं और मजदूरों के योगदान से आज छत्तीसगढ़ पूरे देश में एक आदर्श राज्य के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि अब हमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में और अधिक प्रयास करने होंगे ताकि हमारा छत्तीसगढ़ "नवा छत्तीसगढ़ समृद्ध छत्तीसगढ़" के रूप में देश में अग्रणी बने।

### कलेक्टर ने दी योजनाओं की जानकारी

इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य की 25 वर्षीय विकास यात्रा का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और जिले में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्योत्सव के अवसर पर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के चेक, महिला समूहों को ऋण वितरण, किसानों को मसूर बीज मिनी किट वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### संस्कृति और विकास के संगम का प्रतीक बना राज्योत्सव

राज्योत्सव का पहला दिन छत्तीसगढ़ी संस्कृति और विकास के संगम का प्रतीक बना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर राज्य के गौरव, परंपरा और विकास की इस 25 वर्षीय यात्रा का उत्सव मनाया। आगामी दो दिनों तक चलने वाले इस राज्योत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, विभागीय प्रदर्शनी, हितग्राही वितरण कार्यक्रम एवं स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी जारी रहेगी। छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया की भावना के साथ बेमेतरा ने राज्य की 25वीं वर्षगांठ को आत्मगौरव और उत्साह के साथ मनाया।

### योजनाओं के हितग्राहियों को किया गया चेक एवं किट वितरण

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस रजत महोत्सव के अवसर पर जिले में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को चेक एवं किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत बेमेतरा के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी शिवकुमार/प्रेमलाल (ग्राम बगलेडी, जनपद पंचायत साजा) को 1,20,000 की स्वीकृत राशि के चेक प्रदान किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग बेमेतरा की ऋण योजना के तहत श्री भाग्यलक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह, ग्राम बेरला को 1,00,000 की राशि सिलाई कार्य हेतु स्वीकृत की गई। इसके साथ ही कृषि विभाग बेमेतरा द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन–दलहन योजना के अंतर्गत किसानों को मसूर बीज मिनी किट का वितरण किया गया। इस योजना के लाभार्थी श्री भिखारी राम साहू एवं श्री सहदेव साहू (ग्राम बाबामोहतर) तथा श्री शिवदयाल (ग्राम चौरामुट्टी) रहे।

## सड़कों पर आवारा मवेशियों का कब्जा, बढ़ रहा हादसों का खतरा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

जिला मुख्यालय के लगभग हर सड़क व चौराहों पर आवारा घूमते मवेशी वाहन चालकों व राहगीरों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। यह समस्या शहर के अंदरूनी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। इसके कारण लोग लगातार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कई बार स्थिति ऐसी बन जाती है कि सड़क पार करने वाहन मालिकों को गाड़ी से उतरकर मवेशियों को हटाना पड़ता है। जिम्मेदारों को इस विकट समस्या की जानकारी है, क्योंकि आम लोगों की आवाजाही के लिए बने उसी सड़क से यह भी आना जाना करते हैं। इसके बाद भी इस समस्या को दूर करने जिला प्रशासन एवं नगर पालिका प्रभावी कदम नहीं उठा पाई है। बहरहाल मवेशियों के स्वच्छंद विचरण से आवागमन बाधित होने के साथ राहगीरों को आने जाने में मवेशियों का भय बना रहता है।

**मटेरियल भी कर रहा आवाजाही बाधितः** शहर में आवारा एवं मूक मवेशियों के जगह जगह झुंड से लोग परेशान हैं, हैं, वहीं सड़क पर मकान दुकान निर्माण का मेटेरियल भी सुगम आवाजाही में समस्या बनी हुई है। भवन निर्माण को लेकर नगर पालिका अनुज्ञा जारी करता है, इसलिए उन्हें पता है कि शहर में कहाँ-कहाँ किनका निर्माण कार्य चल रहा है। इसलिए उनकी जिम्मेदारी बनती है कि समय-समय पर मानीटरिंग करे कि अनुज्ञा की शर्त अनुरूप मकान दुकान बन रहा है अथवा नहीं।

### मवेशी मालिकों पर कार्रवाई नहीं

शहर में आवारा मवेशियों और बेतरतीबी से बड़े वाहनों पर नपा व यातायात पुलिस दोनों की नजर पड़ती है, लेकिन इसे नजर अंदाज कर देने की मानसिकता के कारण सुबह से देर रात तक चौराहों पर मवेशियों का झुंड रहता है, लेकिन जिम्मेदार उसे हटाने की जहमत कभी नहीं उठाते। कई बार इसके चक्कर में वाहन चालक जल्दबाजी में हादसे के शिकार हो जाते हैं वहीं कार्रवाई के अभाव में मवेशी मालिकों के हौसले बुलंद हैं। हालांकि जिला प्रशासन दर्जनों बार व्यवस्थित यातायात व संभावित दुर्घटनाओ को दृष्टिगत रखते हुए मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी लगाने, उन्हें कांजी हाऊस या गौठान में छोड़ने के साथ-साथ मवेशी मालिकों को भी समझाइश का निर्देश जारी कर चुका है, लेकिन हमेशा की तरह यहां भी जिला प्रशासन की सुनने को नपा राजी नहीं है। ओर न ही स्थानीय जनप्रतिनिधि कोई सार्थक कदम उठा रहे हैं।



## मॉडल टेस्ट में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया विकासखंड साजा में 2 नवम्बर को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु नवोदय मॉडल टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। प्रधान पाठक डोगेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षा में साजा विकासखंड के 160 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवोदय परीक्षा के प्रति जागरूकता लाना एवं परीक्षा के भय को दूर करना था। विद्यार्थियों ने 80 प्रश्नों वाली प्रश्न-पुस्तिका और ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा दी। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों मुकेश कुमार वर्मा, देवराम साहू, राजेश जंघेल, शैलेंद्र जंघेल, दीपक राजपूत सोनी सर पूजा मेडम सहित अन्य शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा।

## घुरसेना में संकुल स्तरीय सेवानिवृत शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- सभापति अंजू बघेल ने किया सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान



संकुल केंद्र घुरसेना, विकास खण्ड नवागढ़ जिला बेमेतरा में सेवानिवृत्त शिक्षक मंगल सिंह टंडन व्याख्याता हाई स्कूल घुरसेना, धनीराम साहू प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला घुरसेना का सम्मान किया गया। कार्यक्रम हाई स्कूल प्रांगण घुरसेना में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंजू बघेल सभापति जिला पंचायत बेमेतरा, अध्यक्षता खोरबहरा राम साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़, विशिष्ट अतिथि जीआर चतुर्वेदी जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा, राजकुमार वर्मा जिला मिशन समन्वयक बेमेतरा, लालन यादव अध्यक्ष सरपंच संघ नवागढ़, जितेंद्र कुमार मांत्रे सदस्य जनपद पंचायत नवागढ़, लोकनाथ बांधे विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़, जगजीवन राम. साहू विकासखंड स्त्रोत समन्वयक नवागढ़, सावित्री गौतम साहू सरपंच घुरसेना के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर में संकुल प्रभारी अजय दुबे, संकुल समन्वयक कमलेश साहू संकुल क्षेत्र के सभी प्रधान पाठकगण, शिक्षकगण ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उत्तम देवांगन शिक्षक एवं स्कूलों के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दिया गया। कार्यक्रम का संचालन ठाकुर राम वर्मा द्वारा किया गया।

**जिला मुख्यालय से लेकर गांव-गांव में लिखी जा रही सट्टा-पट्टी**

## बड़े पैमाने पर फलफूल रहा है सट्टा का करोबार, बेरला ब्लॉक बना हॉटस्पॉट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

पुलिस प्रशासन की अनदेखी के चलते इन दिनों जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण अंचलों में सट्टे का बाजार जमकर फल-फूल रहा है। खाई वालों के एक-एक ठौर ठिकानों की जानकारी होने के बाद भी जिले की पुलिस अपने हांथ पैर चलाने की बजाय कुछ ना करने की कसम खाकर बैठी है।

आलम ये है कि, पुलिसिया कार्य शैली को भांप चुके सटोरियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके है कि, वे सरेआम सार्वजनिक स्थानों बस स्टैण्ड, चौक-चौराहों तथा गली मुहल्लों में सट्टा पट्टी लिखने का काम कर रहे है। वैसे तो समूचा जिला ही सट्टे की चपेट में है लेकिन विश्वसनीय सूत्रों की माने तो बेरला क्षेत्र इन दिनों हॉटस्पॉट जहां बना हुआ है वहीं कोदवा, देवकर, परपोड़ी,देवरबीजा,सरदा, सहित जिला मुख्यालय का चौपाटी ,नया बस स्टैंड,बाजार पारा,नवीन बाजार,सिंघोरी,



सिविल लाइन,कबीर कुटी के पीछे, नयापारा सट्टा खेलने और खिलाने के लिए सबसे ज्यादा अनुकूल बन चुके है।

### सट्टा बाजार ने युवा वर्ग को बनाया पंगू

चौक-चौराहों, बस स्टैण्ड तथा होटलों के इन क्षेत्रों में खाई वाले बिना रोकटोक अपने इस चोखे धंधे को अंजाम दे रहे है। एक का अस्सी बनाने के चक्कर में भोले-भाले गरीब गुरुवा भी आंकड़ों के इस भंवर जाल में फंसते चले जा रहे है और अपनी खून पसीने की कमाई लुटा रहे है। बिना रोक टोक चल रहे इस सट्टा बाजार ने तो युवा वर्ग को इतना पंगू बना दिया है कि, वे अपने लाख काम छोड़ दिन भर सट्टा के नम्बरों का चार्ट रखे पान ठेलों के आसपास गुणा-भाग लगाते बड़ी आसानी दिखाई दे जाते है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अपनी पैठ जमा चुके खाईवालों का सीधा संपर्क राजधानी व दीगर प्रांतो में बैठे बड़े खाईवालों से है। मोबाईल सहित अन्य माध्यमों से नगर के कई ठिकानो में लिखी जाती है सट्टा पट्टी।

### दिन प्रतिदिन फल फूल रहा है सट्टा का गोरखधंधा

बताते है कि सट्टा का खेल खिलाने वालों के एक-एक ठौर ठिकानों से विभाग में तैनात कुछ भष्ट पुलिस वालों के संबंध खाईवालों से इतने मधुर हो चुके है कि, सब कुछ जानकर भी अंजान बने रहना उनकी मजबूरी हो गई है। पुलिस विभाग की इसी प्रकार सुस्त कार्यवाही के चलते जिले में वर्षों चल रहा सट्टा का कारोबार बंद होने के बजाय दिन प्रतिदिन फल फूल रहा है। समय रहते शासन प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया तो आने वाले समय में इसे रोक पाना कठिन होगा।

### बंटे है सटोरियों के ईलाके

खबर तो यहां तक है कि सटोरियों के थाना क्षेत्रों में ईलाके तक बंटे हुए हैं और वे इलाके बकायदा आपसी सहमति से बांटे गए है। जिसके एवज में इन सटोरियों को चढ़ौत्री भी चढ़ानी पड़ती है। माना जा रहा है यही वजह है कि जिस विभाग को इसके खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए व खामोश है। वही चंद मिनटों में ही खोला गया सट्टा नम्बर खिलाडियों तक पहुंच जाता है। किस्मत का खेल माने जाने वाले इस खेल में किसी प्रकार का कोई विवाद न हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए सट्टा खिलाने वाला बिना किसी परहेज के चुकारा भी कर देता है।

## खबर संक्षेप

### दो पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** क्षेत्र में उत्पात मचाने के मामले में पुलिस ने दो अनावेदकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत इसी अभियान के तहत थाना क्षेत्र में उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर अनावेदक विनोद राय उम्र 30 साल निवासी बड़गांव, भानुप्रताप सहारे उर्फ बंटी उम्र 19 साल निवासी बम्हणीभाठा के विरूद्ध धारा-170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत ईस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। कार्रवाई में निरीक्षक कृष्णा पाटले, थाना प्रभारी डोंगरगांव, उप निरीक्षक लाभाराम ध्रुव, प्रधान आरक्षक बृजमोहन यादव, आशाराम ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आभूषण-नगदी रकम चोरी

**राजनांदगांव।** घर के आलमारी में रखे सोने-चांदी का आभूषण एवं नगदी रकम की चोरी होने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। रिपोर्ट पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिथराटोला स्थित घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर एवं नगदी रकम लगभग 15000 रुपए को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी सोमनाथ साहू ने दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत भी चोरी की एक घटना हुई है। जिसमें दिवाली के समय पूजा के लिए निकाले गए पैसों की अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली।

## निधन

### बिहारी श्रीवास्तव

**नवागढ़।** माँ महामाया एवं माँ काली के अनन्य उपासक, धार्मिक आयोजनों की व्यवस्था में सदैव अग्रणी भूमिका निभाने वाले और समाज के प्रेरणास्त्रोत बिहारी श्रीवास्तव (79) का निधन हो गया। उनके निधन से नवागढ़ क्षेत्र में गहरी शोक लहर व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार शंकर नगर के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पिछले पाँच दशकों से अधिक समय तक उन्होंने नगर के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में अपनी उपस्थिति, समर्पण और मार्गदर्शन से समाज को दिशा दी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, दशहरा में माँ काली–महिषासुर युद्ध, तथा श्रीराम–लक्ष्मण और अंगद–रावण संवाद जैसी भव्य झाँकियाँ उनके सान्निध्य में सदा सफल रहीं। वे प्रसिद्ध कवि मनोज श्रीवास्तव और मनीष श्रीवास्तव के पिता थे। जस-जंवारा जैसे पारंपरिक धार्मिक आयोजन में भी उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। लोग उन्हें नवागढ़ की धार्मिक परंपराओं के सच्चे संरक्षक के रूप में जानते थे।नगर में कोई भी धार्मिक आयोजन उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन के बिना पूर्ण नहीं माना जाता था।



## शिविर : अलविदा तनाव शिविर पंचम दिवस : सुखी जीवन का रहस्य

# आत्मा और परमात्मा के बीच का सच्चा संबंध है राजयोग : बीके पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिविर के पाँचवें दिन बी के पूनम बहन ने बताया कि राजयोग क्या है ? और राजयोग की विधि और अभ्यास कैसे करना है ? राजा अर्थात बादशाह (राज्य करने वाला) और योग अर्थात कनेक्शन अथवा सम्बन्ध, राजयोग एक परमयोग है जिससे आत्मा केवल परमात्मा की याद द्वारा अपने स्वयं के इन्द्रियों (कर्मेन्द्रियों, मन, बुद्धि) का मास्टर अथवा राजा बन जाती है।

राजयोग मेडिटेशन पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए दो परस्पर कदम हैं : जिनमें पहला आत्मानुभूति – हरेक को आत्म अभिमानी का अभ्यास करना चाहिए। यह पुरुषार्थ करने की बात है क्योंकि अब हम देह अभिमानी बन गये हैं। हमें विस्मृति हो गयी है कि हम अति सूक्ष्म पराभौतिक आत्मा हैं। यह सही आत्मनिरक्षण है। दूसरा परमात्मानुभूति – जैसे ही हम आत्मअभिमानी के अभ्यास को अमल में लाते हैं और वह हमारी चेतना का स्वाभाविक अवस्था बन जाता है तब हम हमारे परलौकिक परमात्म पिता को पहचानते हैं जो इस भौतिक जगत से परे परमधाम में वास करता है। वह सर्व गुणों व शक्तियों का सागर है। राजयोग मेडिटेशन में आत्मा परमात्मा से कनेक्शन अथवा मानसिक जोड़ का अनुभव करती है । यह जोड़ स्थापित करने की विधि एक शुरुआत है अपने आतंरिक विश्व की यात्रा की ओर अपना वास्तविक आध्यात्मिक पहचान की खोज में। अपने भीतर प्रवेश करने की विधि द्वारा स्वयं को आत्मा अनुभव करना जो कि एक प्रकाशमान, चेतन ऊर्जा बिंदु है और उसके पश्चात उर्जा एवं गुणों के परम स्त्रोत से स्वयं को जोड़ने से आत्मा बहुतकाल के लिये सशक्त बन जाती है।



### हमें हमारे खोए हुए परम संबंध से फिर से जोड़ता है राजयोग

स्व सशक्तिकरण की यह विधि पूरी तरह से स्वैच्छिक है और इसमें मन के दमन का कोई भी तत्व शामिल नहीं है। वास्तव में यह मन की सभी सीमाओं से मुक्त करता है जो हम खीचतें हैं। यह स्वयं के विचारों, भावनाओं, बोल एवं कर्मों को आत्मा के शांति, प्रेम, आनंद, और सत्यता जैसे आत्मा के वास्तविक गुणों के साथ मेल कराता है। इसे ही हर प्रकार से स्वपरिवर्तन कहेंगे। इस राजयोग अथवा मेडिटेशन द्वारा हम आत्माएं सच्ची शांति, पवित्रता, प्रेम और ख़ुशी की अनुभूति करते हैं और परमात्मा से शक्तियाँ प्राप्त करते हैं।

राजयोग एक ऐसा शांत सेतु है, जो हमें हमारे खोए हुए परम संबंध से फिर से जोड़ता है। चाहे आप पहले से ही खुश और संतुलित महसूस कर रहे हों यह आपको और भी मजबूत बनाता है। और अगर आप नकारात्मकता, तनाव या दुखों से घिरे हैं तो यह आपको स्वयं को ऊपर उठाने और अंदर से ठीक होने में मदद करता है।

### स्वयं की एक निजी यात्रा है राजयोग

राजयोग कोई धर्म, रिवाज़ या परंपरा नहीं है। यह स्वयं की एक निजी यात्रा है, जो बस एक आसान सोच से शुरू होती है: "मैं यह शरीर नहीं हूँ, मैं आत्मा हूँ — शांति स्वरूप हूँ।" इस समझ के साथ कुछ बदलने लगता है।कहीं भीतर गहराई में शाति का एहसास होने लगता है। जब हम यह याद करते हैं: "वह परम शक्ति परमात्मा मेरे सच्चे, शाश्वत माता-पिता हैं। मैं उनकी संतान हूँ।" जब ये याद गहरी होते ही, मन और भी शांत हो जाता है। वो शांति मीठी लगने लगती है। और एक सुरक्षित एहसास बन जाती है। ये कोई कल्पना नहीं है — ये है स्मृति व याद।एक गहरा आत्मिक अनुभव, जहाँ आत्मा अपने परम स्त्रोत से बात करती है। और सबसे खास बात — इसे कोई भी कर सकता है। इसके लिए आपको अपनी दिनचर्या या जिम्मेदारियाँ बदलने की ज़रूरत नहीं है।

### मन, बुद्धि और संस्कार- द्वारा किया जाने वाला अभ्यास है राजयोग

राजयोग हर पंथ, हर धर्म और हर समाज का सम्मान करता है। यह आत्मा की बात है — और हर आत्मा को अपने परमपिता को याद करने का अधिकार है। राजयोग, आत्मा की आंतरिक शक्तियों — मन, बुद्धि और संस्कार — द्वारा किया जाने वाला अभ्यास है। आप इसे चलते-फिरते, खाना बनाते, बच्चे को खिलाते हुए या बिस्तर पर लेटे हुए भी कर सकते हैं। सिर्फ एक मिनट की सच्ची याद भी आपके सफर में शांति, मिठास और स्थिरता ला सकती है — जैसे पहले से जल रहे दीपक में और रोशनी भर गई हो। बी के पूनम बहन ने कहा कि इस छोटी दिवाली पर, योग सिर्फ एक बाहरी उत्सव न रह जाए —बल्कि अंदर की उस मधुर वापसी का माध्यम बने। शांति की ओर लौटना। पवित्रता की ओर लौटना। वो सबसे सुंदर यात्रा तब शुरू होती है, जब हम स्वयं को और अपने परम संबंध को याद करते हैं।

### बीके शशि ने लोगों का जताया आभार

अलविदा तनाव शिविर के पांचवें दिन सुखी जीवन का रहस्य ( परिवर्तन उत्सव ) की शुरुवात में अतिथिगण दिलहरण तिवारी वरिष्ठ योग शिक्षक, नीलिमा साहू व उनके योगा साथी एवं पत्रकार अमीन पप्पू रवानी , भावना पटेल, रामेश्वरी बहन प्रेरणा लीनेश ग्रुप, रीना साहू, गर्ल्स कॉलेज प्रिंसिपल विनीता गौतम द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ ।

ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी शशि दीदी जी ने सभी अतिथियों और नगर वासियों का आभार व्यक्त किया और मंडी प्रांगण अलविदा तनाव निःशुल्क शिविर में प्रतिदिन शाम 7 बजे सभी को सपरिवार आने का निमंत्रण दिया।


# हर्षोल्लास से मनी देवउठनी एकादशी, तुलसी शालिग्राम के साथ हुआ गौरा-गौरी विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर मनाया जाने वाला देवउठनी एकादशी पर्व भर में नगर में धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। श्रद्धालु भगवान विष्णु के जागरण और तुलसी-शालिग्राम विवाह की तैयारियों में जुटे रहे।

कई स्थानों पर लोगों ने ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ पर्व का उल्लास मनाया। इसी तरह सिविल लाइन कचहरी, पारा वार्ड नंबर 4 में प्रति वर्ष के भांति ईस वर्ष धूमधाम से विवाह रचाया गया जिसमें वार्ड वासी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं महिलाओं ने भजन कीर्तन किया दीप प्रज्वलित किया और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की रात भर गौरा-गौरी का विवाह रचाया गया। जिसमें विधि विधान से चूरमाटी से लेकर बारात संमधि भेट बाजा गाजा सूआ नृत्य के साथ शंकर भगवान का बारात जिसमें वार्ड वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया लड़की पक्ष द्वारा बारातियों का धूमधाम से स्वागत किया । रामराज शास्त्री पंडित ने बताया कि देवउठनी एकादशी के साथ ही अब शादी-ब्याह और शुभ कार्यों का मौसम शुरू हो गया है। नगर में पूरे दिन भक्ति और उल्लास का मनमोहक वातावरण देखने को मिला।

**वार्ड वासी महिला पुरुष युवा सहित दूसरे वार्ड के बारात में हुए शामिल**



# जाति प्रथा सनातन की नहीं, विकृत मानसिकता की उपज है: धर्म स्तम्भ काउंसिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कर्म और गुण पर आधारित था वर्ण, जन्म पर नहीं

धर्म स्तम्भ काउंसिल ने आज बैठक कर वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि भारतीय समाज में व्याप्त जाति प्रथा और छुआछूत की परंपरा न केवल अमानवीय है बल्कि सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों के भी विपरीत है। काउंसिल ने इसे एक ऐतिहासिक विकृति और सामाजिक भ्रम बताया, जो धर्म के नाम पर अन्याय को बढ़ावा देता आया है। काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा कि वर्ण व्यवस्था का आधार कर्म, स्वभाव और गुण था; किंतु कालांतर में इसे जन्म आधारित जाति व्यवस्था में परिवर्तित कर दिया गया। यह न केवल धर्म की आत्मा के विरुद्ध है, बल्कि भारतीय समाज की एकता और समरसता को भी खंडित करने वाला तत्व है। यह हमारे शास्त्रों की मूल भावना का अपमान है, क्योंकि गीता में स्वयं श्रीकृष्ण ने कहा - 'चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।' अर्थात वर्ण कर्म से निर्धारित होता है, जन्म से नहीं।" वहीं राम जानकी मंदिर के महंत सुरेंद्र दास ने कहा कि धर्म का उद्देश्य मनुष्य में दैवत्व को जगाना है, न कि उसे वर्गों में बाँटना। छुआछूत और जातीय भेदभाव जैसी अवधारणाएँ मनुष्य की अहंकारपूर्ण मानसिकता का परिणाम हैं, धर्म का नहीं। जब धर्म के नाम पर कोई अन्य मानव हीन समझा जाने लगे, तो वह धर्म नहीं, अधर्म बन जाता है।



### हर व्यक्ति को समान अवसर, तभी उन्नति संभव

धर्म स्तंभ काउंसिल के डॉ रविंद्र द्विवेदी ने आगे कहा कि "धर्म स्तम्भ काउंसिल यह मानती है कि समाज में समानता, करुणा और सह-अस्तित्व की पुनर्स्थापना ही सच्चे धर्म की पहचान है। हमारे वेद, उपनिषद, गीता और स्मृतियाँ — सब मनुष्य में आत्मा की एकता की घोषणा करते हैं। अतः जो भी प्रथा इस एकता को तोड़े, वह धर्म नहीं बल्कि विकृति है।" काउंसिल ने यह भी कहा कि जाति और छुआछूत जैसी मानसिकताएँ भारत के विकास में सबसे बड़ी बाधा हैं। समाज की उन्नति तभी संभव है जब हर व्यक्ति को समान अवसर, सम्मान और आत्म-अभिव्यक्ति का अधिकार मिले।

### समरस भारत- समभाव का संकल्प का होगा शुभारंभ

धर्म स्तम्भ काउंसिल शीघ्र ही "समरस भारत – समभाव का संकल्प" नामक राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान प्रारंभ करेगी, जिसके अंतर्गत समाज के विभिन्न वर्गों में संवाद, अध्ययन, संगोष्ठी और युवाओं के लिए वैचारिक कार्यशालाएँ आयोजित की जाएँगी, ताकि सनातन की मूल भावना — "एकं सत विप्रा बहुधा वदन्ति" - पुनः समाज में प्रतिष्ठित हो सकें ।

# गोंदिया से बरौनी तक चलेगी चुनाव स्पेशल एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव को लेकर रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा के लिए चुनाव स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। बिहार में मतदान के पहले तक यह स्पेशल एक्सप्रेस गोंदिया से बरौनी तक चलाई जाएगी। कल 3 नवंबर से इसकी शुरूआत होगी।

उल्लेखनीय है कि बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर ट्रेनों में वोटरों की भीड़ को देखते हुए रेल मंत्रालय ने गोंदिया से चुनाव स्पेशल एक्सप्रेस चलाने को मंजूरी दी है। रोजगार के सिलसिले में बिहार के लोग कई राज्यों में निवास कर रहे हैं। यही कारण है कि चुनाव में मतदान का प्रतिशत भी काफी कम रहता है। इसी के चलते रेल मंत्रालय ने बिहार के वोटरों के लिए इस ट्रेन क्रमांक 08843/08844 को हरी झंडी दिखाई है। यह ट्रेन गोंदिया से बरौनी तक चलाई जाएगी। चुनाव स्पेशल एक्सप्रेस 3, 4, 8 और 9 नवंबर को गोंदिया से रवाना होगी।




### चार दिन चलेगी स्पेशल एक्सप्रेस

इसी प्रकार विपरीत दिशा से ट्रेन क्रमांक 08844 (बरौनी-गोंदिया) चुनाव स्पेशल एक्सप्रेस 04, 05, 09 एवं 10 नवम्बर 2025 को बरौनी से 22.15 बजे रवाना होकर जसीडीह, मधुपुर, धनबाद, बोकारो स्टील सिटी, मुरी, रांची, हजारीबाग, राउरकेला, रायगढ़, चांपा, बिलासपुर, रायपुर आदि प्रमुख स्टेशनों से होते हुए दुर्ग आगमन 00.20 बजे, प्रस्थान 00.25 बजे, राजनांदगांव आगमन 01.00 बजे, प्रस्थान 01.02 बजे, डोंगरगढ़ आगमन 01.25 बजे, प्रस्थान 01.27 बजे एवं गोंदिया रात्रि 02:20 बजे पहुंचेगी।

### राजनांदगांव में मिला स्टॉपेज

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बताया कि यह ट्रेन गोंदिया से 17.15 बजे रवाना होकर डोंगरगढ़ आगमन 18.10 बजे, प्रस्थान 18.12 बजे, राजनांदगांव आगमन 18.35 बजे, प्रस्थान 18.37 बजे, दुर्ग आगमन 19.10 बजे, प्रस्थान 19.15 बजे, रायपुर, बिलासपुर, राउरकेला, हजारीबाग, रांची, मुरी, बोकारो स्टील सिटी, धनबाद, मधुपुर, जसीडीह आदि प्रमुख स्टेशनों से होते हुए बरौनी जंक्शन 19.20 बजे पहुंचेगी।

# शराब कोचियों के खिलाफ पुलिस का अभियान, 3 पकड़ाए, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



जिले में पुलिस ने अवैध रूप से शराब परिवहन एवं बिक्री करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान प्रभावी ढंग से शुरू कर दिया है। जिसके तहत अलग-अलग थाना क्षेत्र में लगातार कार्रवाई की जा रही है। बसंतपुर पुलिस ने फिर तीन शराब कोचियों को पकड़कर शराब बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना बसंतपुर क्षेत्र में शराब कोचिया के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

### देशी-अंग्रेजी शराब जब्त

पुलिस के अनुसार चलाए जा रहे अभियान के दौरान आरोपी दीपक कुमार भैंसारे उम्र 42 साल निवासी चौखड़ियापारा के कब्जे से 28 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2800 रुपए एवं बिक्री रकम 250 रुपए, ,लक्ष्मण आहूजा 38 साल निवासी चौखड़ियापारा के कब्जे से 21 पौवा देशी प्लेन शराब एवं 11 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब कीमती 3,000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त मोपेड, आरोपी ओगेश्वर उर्फ शशी साहू 30 साल निवासी दुर्गा चौक से 32 पौवा देशी शराब कीमती 2560 रुपए को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया। न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## वैराग्य की मिसाल: भौतिकता की दौड़ में आध्यात्मिक विजय

# प्रिया ने चुना संयम पथ, माहेश्वरी समाज ने किया भव्य अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

साजा नगर की माहेश्वरी समाज के लिए आज का दिन इतिहास में दर्ज हो गया। नगर की होनहार बेटी, मुमुक्षु बहन प्रिया छाजेड़ ने सांसारिक सुखों का त्याग कर दीक्षा के पवित्र संयम पथ पर कदम रखने का दृढ़ संकल्प लिया है। इस महान निर्णय के उपलक्ष्य में, माहेश्वरी पंचायत साजा के तत्वावधान में एक भव्य और भावपूर्ण अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। पंचायत के सभी सदस्यों और नगरवासियों ने पूज्य गुरु भगवंतों के सान्निध्य में मुमुक्षु बहन का हार्दिक अभिनंदन किया।

अभिनंदन समारोह के दौरान, माहेश्वरी पंचायत के अध्यक्ष रमेश कुमार राठी, सचिव लक्ष्मीनारायण चांडक ने मुमुक्षु बहन प्रिया के त्याग की सराहना करते हुए कहा कि प्रिया ने यह सिद्ध कर दिया है कि जीवन का वास्तविक सार भोग में नहीं, बल्कि त्याग और आत्म-शोध में है।



जब दुनिया भोग को जीवन का लक्ष्य मानती है, तब प्रिया जी ने काँच के टुकड़ों के बदले मोक्ष का अमूल्य हीरा चुना है। यह निर्णय केवल छाजेड़ परिवार का नहीं, बल्कि पूरे माहेश्वरी समाज और साजा नगर का गौरव है।

**युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत:** पंचायत के मंत्री सचिव लक्ष्मीनारायण चांडक ने कहा कि मुमुक्षु प्रिया का यह कदम आज के युवाओं के लिए एक अभूतपूर्व प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने हमें याद दिलाया है कि जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य क्षणिक सुखों की प्राप्ति नहीं, बल्कि मोक्ष की शाश्वत राह है। समाज को पूर्ण विश्वास है कि प्रिया पंच महाव्रतों के पवित्र मार्ग को शेरनी की तरह साहस और धीरज के साथ निभाएँगी।

### मंगलकामना और अनुमोदना

अभिनंदन समारोह के समापन पर, सभी उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं ने मुमुक्षु बहन के लिए मंगलकामनाएँ कीं। माहेश्वरी पंचायत साजा ने पूज्य गुरु भगवंतों के चरणों में प्रार्थना की कि मुमुक्षु बहन की साधना निर्विघ्न हो, उनकी तपस्या में वृद्धि हो, और वे शीघ्र ही आत्मकल्याण के साथ-साथ समाज के कल्याण का भी मार्ग प्रशस्त करें। माहेश्वरी पंचायत साजा इस महान अवसर पर मुमुक्षु बहन प्रिया छाजेड़ को कोटि-कोटि वंदन करती है और उनके नए संयम जीवन के लिए हृदय से अनुमोदना करती है।

